बजरंगबली तेरा हम दर्श अगर पाएं

बजरंगबली तेरा हम दर्श अगर पाएं ।
हे राम भक्त तेरे चरणों में लिपट जाए ॥

अनजनी के लाल जग में तेरी महिमा में भारी है ।
हे पवन पुत्र तुम तो शंकर अवतारी है ।
बिन देखे तेरी सूरत अब चैन नहीं आए ॥

सूरज ने निगल कर के, बजरंगी कहलाए ।
लंका को जला कर के सीता की खबर लाए ।
लक्षमण को बचाने को पर्वत ही उठा लाए ॥

मोतियन की माला को जब तोड़ तोड़ डाले ।
बातों ही बातों में सीने को फाड़ डाले ।
विभिक्षण ने देखा सिया राम नज़र आए ॥

ओसाला सरवाले तेरा गुण गान करे ।
ऐसा वरदान देवो, घर घर तेरा नाम करे ।
दो शक्ति हमे बाबा तेरी सेवा कर पाए ॥

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/309/title/bajrangbali-tera-hum-darash-agar-paaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |